



# मालवा फर्स्ट

MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

RNI NO. MPHIN38290 (TC)

संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )

नीमच, बुधवार

17 जनवरी 2024

वर्ष 01, अंक 45, - मूल्य 02 रूपए

E-mail: nmh.pawan@gmail.com

Contact: 9407423966, 8770664866


Commodity: Gold 64,290 | Silver 76,600 | Crude Oil 6,050 | Natural Gas 265,10 | Aluminium 203.75 | Copper 715.40

**काम की खबर**

## 2028 से काफी पहले पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन सकता है भारत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत 2028 से काफी पहले पांच ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होंने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि देश की बड़ी आबादी के हितों की रक्षा के लिए ऊर्जा बदलाव को व्यवस्थित तरीके से अंजाम देने की जरूरत है। पुरी ने कहा कि भारत स्थिरता लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं से अवगत है और बढ़ती अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करते हुए सभी लक्ष्यों को समय पर पूरा करेगा।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक 2024 से इतर स्थायी



आर्थिक वृद्धि के लिए भारत के ऊर्जा बदलाव को गति देना विषय पर सीआइआइ-ईवाई के सत्र में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने विभिन्न व्यापक आर्थिक मापदंडों का उल्लेख करते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें पांच ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए 2028 तक का इंतजार करने की जरूरत है।

आप अगर मौजूदा स्थिति पर गौर करें तो यह 2028 से काफी पहले यह हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि बदलाव व्यवस्थित होना चाहिए क्योंकि प्रकृति में परिवर्तन के लिए एक स्पष्ट खाका होना चाहिए। इसमें सभी सुरक्षा उपाय होने चाहिए जो यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी निर्णय बिना सोचे-समझे न लिया जाए।पुरी ने कहा कि यह भारत जैसे देश के लिए और भी महत्वपूर्ण है, जो अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भी है।

**आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा के बीच संबंध है जरूरी**

मंत्री ने कहा कि जब ऊर्जा की बात आती है, तो आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा के बीच संबंध बहुत महत्वपूर्ण है। अब हम चार ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने के करीब हैं, लेकिन तथ्य यह है कि हमें अपनी आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से का ख्याल रखने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि ऊर्जा बदलाव पर 2030 के लिए हमारे सभी लक्ष्यों को हम पूरा करेंगे। हमारी हरित हाइड्रोजन नीति व्यापक तौर पर सफल होगी।

# दक्षिण भारत की राजनीति में भी श्रीराम की धमक, पीएम मोदी की आंध्र प्रदेश व केरल की यात्रा से राजनीति का चढ़ा पारा



**अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गूंज दक्षिण में भी उत्तर की तरह ही देखी जा रही है। वहां भी समर्थन और विरोध की राजनीति जारी है। मूर्तिकार अरुण योगीराज रामलला की प्रतिमा बनाकर आस्था के प्रतिक बन गए हैं तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरह दक्षिण भारत के कुछ नेताओं को भी अयोध्या कांड में राजनीति नजर आने लगी है।**

**नई दिल्ली।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गूंज दक्षिण में भी उत्तर की तरह ही देखी जा रही है। वहां भी समर्थन और विरोध की राजनीति जारी है। मूर्तिकार अरुण योगीराज रामलला की प्रतिमा बनाकर आस्था के प्रतिक बन गए हैं तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरह दक्षिण भारत के कुछ नेताओं को भी अयोध्या कांड में राजनीति नजर आने लगी है।

**दक्षिण की दो दिवसीय यात्रा पर पीएम मोदी**

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दक्षिण के राज्यों आंध्र प्रदेश एवं केरल की दो दिनों की यात्रा से दक्षिण की राजनीति का पारा चढ़ गया है। भाजपा की राजनीति के दक्षिण की ओर प्रस्थान से तेलंगाना और कर्नाटक के मुख्यमंत्रियों का घबराना लाजिमी है। दोनों राज्यों में अभी कांग्रेस की सरकार है और राहुल गांधी ने 22 जनवरी के कार्यक्रम को नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम बताकर राजनीति को नई दिशा देने का प्रयास किया है।

**तेलंगाना के सीएम ने चली नई चाल**

उत्तर की तरह भाजपा यदि दक्षिण के माहौल को भी अयोध्या से जोड़ने में सफल हो गई तो दोनों राज्यों की सत्ताधीशों के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। यही कारण है कि बीच की राह तलाशी जा रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भद्राचलम के राम मंदिर में ही अयोध्या नजर आने लगा है। उन्होंने कहा है कि अयोध्या और भद्राचलम में कोई फर्क नहीं है। अयोध्या श्रीराम मंदिर आंदोलन से जुड़े श्रीकांत पुजारी की दो हफ्ते पहले गिरफ्तारी के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को भी अब दक्षिण में ही भगवान राम नजर आने लगे हैं। उन्होंने कहा है कि वह श्रीराम का अनुशरण करते हैं और अपने गांवों के राम मंदिरों का निरंतर दौरा करते हैं। सामान्य तौर पर माना जाता है कि श्रीराम के अयोध्या से दक्षिण भारत के राज्यों का फासला बड़ा है, लेकिन भगवान राम को उत्तर और दक्षिण में बांटकर नहीं देखा जा सकता है। इस बार सभी दिशाओं के लोग आस्था में समान रूप से सराबोर नजर आ रहे हैं। इसका कारण भी है। सनातन के अधिकतर भव्य एवं बड़े मंदिर दक्षिण भारत में ही स्थित हैं।

**दक्षिण से ही गुजरे थे भगवान श्री राम**

सीता की खोज में श्रीराम तेलंगाना के भद्राचलम, केरल के त्रिसूर एवं तमिलनाडु के वदावुर मार्ग से ही गुजरे थे, जहां आज कई भव्य राम मंदिर हैं। इसके अतिरिक्त अयोध्या में मंदिर निर्माण में दक्षिण के लोगों का भी कम योगदान नहीं है। मूर्तिकार अरुण योगीराज के अलावा कर्नाटक के स्वामी विश्व-प्रसन्ना भी मंदिर निर्माण से गहरे जुड़े हैं। वह मंदिर निर्माण ट्रस्ट के सदस्य हैं। बेंगलूरु के गोपाल नगरकट्टे विहिप के संयुक्त सचिव है, जो निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे हैं। दक्षिण भारत के धर्माचार्यों ने भगवान राम के पताका को कंबोडियो, इंडोनेशिया, मलेशिया एवं इंडोनेशिया तक पहुंचाया है। उत्तर भारत के भी सभी बड़े मंदिरों में दक्षिण भारत के ही पुजारी होते हैं। बद्रीनाथ, काशी विश्वनाथ और काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर के पुजारी भी दक्षिण के ही हैं।

**राजनीति से जुड़ा है समर्थन और विरोध का मामला**

दरअसल, समर्थन और विरोध की पूरी राजनीति लोकसभा चुनाव से जुड़ी है। दक्षिण भारत के छह राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, केरल एवं पुडुचेरी में लोकसभा की कुल 130 सीटें हैं। सिर्फ कर्नाटक एवं तेलंगाना में भाजपा की उपस्थिति है। पिछले चुनाव में कर्नाटक की 28 में 25 सीटें और तेलंगाना में 17 में सिर्फ चार सीटें भाजपा ने जीती थी। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश एवं केरल में भाजपा को निराशा हाथ लगी थी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर-बैंगलोर उड़ान के शुभारंभ कार्यक्रम से वर्च्युअली जुड़े, संक्रांति पर्व पर प्रदेश को मिली नई सौगात

**प्रदेश के सभी जिलों को एयर एंबुलेंस सुविधा दिलाने के लिए होगी पहल**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रयास यह है कि प्रत्येक जिले से एयर एंबुलेंस का संचालन हो, जिससे गंभीर रोगियों को अच्छे चिकित्सा संस्थानों में उपचार के लिए हवाई सुविधा का लाभ प्राप्त हो। हवाई सेवाओं से पर्यटन, व्यापार-वाणिज्य की गतिविधियों और अन्य समस्त आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि संभव होती है।



इस दिशा में केन्द्र सरकार के प्रयासों के साथ राज्य सरकार भी अधिकतम प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सतना जिले के चित्रकूट में श्रीराम वनगमन पथ संबंधी बैठक से ग्वालियर से बैंगलोर और ग्वालियर से दिल्ली और अयोध्या के बीच नई हवाई सेवाओं के शुभारंभ कार्यक्रम से आज वुर्चअली जुड़े।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि नई विमान सेवाओं से ग्वालियर अंचल के साथ ही प्रदेशवासी उत्तर और दक्षिण भारत से एयर कनेक्टिविटी की सुविधा प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हवाई सेवाओं का विस्तार हो रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के ग्वालियर, स्व. माधवराव सिंधिया की भूमि ग्वालियर और वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के कर्म क्षेत्र के निवासियों को मकर संक्रांति पर्व पर नई सौगात प्राप्त हो रही है। ग्वालियर में 500 करोड़ रूपए की लागत से विमानतल के उन्नयन की पहल ऐतिहासिक है। यह कारवां चलता रहेगा। प्रदेश की विभिन्न हवाई पट्टियों के उन्नयन का कार्य भी हो रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मध्यप्रदेश को निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर भारत में प्राचीन काल में पुष्पक विमान के प्रयोग का स्मरण करते हुए भगवान श्रीराम का भी उल्लेख किया, जिन्होंने उत्तर से दक्षिण की यात्रा की। भगवान श्रीकृष्ण ने पूर्व से पश्चिम की यात्रा की। इसमें पूरा देश समाहित हो जाता है। इन महापुरूषों ने भारतीय संस्कृति का परचम लहराया। आज मध्यप्रदेश का ग्वालियर, हवाई मार्ग से अयोध्या से जुड़ा है, यह किसी अलौकिक दृश्य के समान है।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सकारात्मक सोच का संगम है नई उड़ानें - श्री सिंधिया**

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि त्यौहारों की बेला में नई हवाई सेवाओं को प्रारंभ करने का शुभ कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के साथ मध्यप्रदेश और ग्वालियर भी बदल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी ग्वालियर के विकास के लिए प्रयासरत हैं। ग्वालियर व्यापार मेले में इस वर्ष की गतिविधियों के अवलोकन के लिए आए थे। आज प्रारंभ हुई ये उड़ानें व्यवसाय-वाणिज्य और पर्यटन में वृद्धि कर अर्थव्यवस्था को नई शक्ति प्रदान करेंगी। भारत की आध्यात्मिक और आर्थिक शक्ति का संगम हो रहा है। इससे हमारा देश विश्व पटल पर उभर कर आएगा। ग्वालियर से नई विमान सेवाओं के प्रारंभ होने से यात्री दक्षिण भारत और आई.टी. की राजधानी तक और केन्द्रीय राजधानी के साथ ही रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या तक पहुंच सकेंगे।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि नई हवाई सेवाएं प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सकारात्मक सोच का संगम है। ग्वालियर में विमानतल को आधुनिकतम स्वरूप देने के साथ ही प्राचीन संस्कृति और इतिहास की झलक प्रस्तुत करने का कार्य भी हुआ है। प्रधानमंत्री जी अधोसंरचना के विकास पर जोर देते हैं। लगभग सवा वर्ष की अवधि में ग्वालियर विमानतल से जुड़े कार्य सम्पन्न हो रहे हैं।

**सीईओ गुरूप्रसाद के नेतृत्व में चलाया सफाई अभियान**

## श्री रामलला के स्वागत में जिला पंचायत कार्यालय में सफाई अभियान

**नीमच।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में शासन निर्देशानुसार कलेक्टर दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ गुरुप्रसाद के नेतृत्व में शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी 2024 तक विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहा है।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न मंदिरों के साथ-साथ शासकीय कार्यालयों में भी साफ-सफाई के लिए प्रशासन ने मुहिम छेड़ी है , इसी क्रम में 16 जनवरी



को जिला पंचायत सीईओ गुरुप्रसाद ने स्वयं हाथ में झाड़ू थाम कर, इस अभियान की शुरूआत जिला पंचायत परिसर से अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। जिले में 16 से 21 जनवरी तक सभी सरकारी इमारतों, स्कूल, एवं कॉलेजों में साफ-सफाई एवं साज-सज्जा की जाएगीतथा 21 जनवरी से 26 जनवरी 2024 तक सभी शासकीय कार्यालयों में रोशनी की व्यवस्था भी की जाएगी। इस अभियान के तहत मंगलवार को जिला पंचायत परिसर एवं बगीचें की साफ-सफाई में जिला पंचायत के अधिकारियों, कर्मचारियों व्दारा श्रमदान किया गया।

# एडीएम एवं जिला पंचायत सीईओ ने की जनसुनवाई-55 लोगों की सुनी समस्याएं



**नीमच।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में मंगलवार को अपर कलेक्टर सुश्री नेहा मीना एवं जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद ने जनसुनवाई करते हुए-55 लोगों से रूबरू होकर, उनकी समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए, कि पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रिती संघवी, राजेश शाह, डिप्टी कलेक्क्टर सुश्री किरण आंजना, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में जावद की लीलाबाई ने गाली गलोच करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, जमुनियाकला के कन्हैयालाल भील ने विद्युत, नल कनेक्शन एवं पक्का रोड बनवाने, नेवड के रमेश ने पुलिया निर्माण में पक्षपात करने, बघाना की ममता वर्मा ने परेशान व प्रताडित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, गिरदौडा के किशनलाल राजपूत, रामपुरा के शोभाराम भोई ने आर्थिक सहायता स्वीकृत करने एवं फुलपुरा के सीताराम गुर्जर ने वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

इसी तरह ढाकनी के सालगराम, पिपल्यारूण्डी के घनश्याम, कुंदवासा की गुडडीबाई, कवरजी की खेडी के भागीरथ, छाछखेडी के ग्रामीणजन, पावडाखुर्द के पारस गौड, तारापुर की लीलाबाई मेघवाल, चीताखेडा के बाबुलाल बंजारा, मुलचंद मार्ग नीमच के माधवलाल कुचबंदिया, धनेरियाकला के रामचन्द्र कुम्हार एवं जीरन की सम्पतबाई ने भी अपना आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत कर समस्याएं सुनाई।

## अरनिया मामादेव में प्रभात फेरी एवं घर घर श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पत्रक वितरित


**नीमच।** अरनिया बन गया अयोध्या धाम कौन कहता है, कि शीतलहर चल रही है। अरनिया मामादेव वाले तो कह रहे हैं, कि राम लहर चल रही है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत राज्य शासन एवं जिला प्रशासन नीमच के निर्देशानुसार जावद के ग्राम अरनिया मामादेव में नाम का सत्य। ग्राम में प्रभात फेरी से लेकर घर-घर जाकर ग्रामवासियों को श्री राम पत्रक वितरित किये जा रहे हैं एवं उनसे निवेदन किया जा रहा है, कि 22 तारीख को वह इस त्यौहार को दीपावली की तरह मनाए। मंदिर , मंदिर जाकर, दीपक जलाएं एवं घर पर भी दीपक उत्सव का कार्यक्रम रखें।




म.प्र.जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्?था श्री बाबूजी शिक्षण समिति के सदस्यों ने 5 लोगो से शुरुआत हुई थी और आज 50 हो गए। यही है राम के दूसरो को भी प्रेरित करे। जैसे-जैसे श्री राम प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पास आती जा रही ही है, राम नाम की धुन बढती जा रही है।

## श्री चौकन्ना बालाजी महंत रंजन स्वामीजी के द्वारा रामरक्षास्त्रोत्रम् के पाठ निरन्तर जारी

**नीमच।** श्री अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है जिसे ध्यान में रखते हुए श्री चौकन्ना बालाजी मंदिर पर महंत योगीराज रंजन स्वामीजी के द्वारा रामरक्षास्त्रोत्रम् के पाठ का क्रम निरन्तर 22 जनवरी तक प्रतिदिन प्रात: 9.15 बजे से 12 बजे तक किये जा रहे है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण लाभ ले रहे है। मंगलवार को कई भक्तजनों ने रामरक्षास्त्रोत्रम् के पाठ को अपने जीवन में आत्मसात किया। इस अवसर पर श्री पंचमुखी गणेश आरोग्य धाम समिति के सदस्यगणों ने भी अपनी भागिदारिता निभाई।




## राजेंद्र सुरी गुरु सप्तमी पर्व धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया, उमड़े श्रद्धालु भक्त



**नीमच।** श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ राजेंद्र सुरी जैन मंदिर श्री पार्श्वनाथ राजेंद्र सूरी राजमल पानबाई डूंगरवाल चैरिटेबल ट्रस्ट नीमच के तत्वावधान एवं गच्छाधिपति आचार्य श्री अभयदेव सुरीश्वरजी मसा की आज्ञा अनुवर्तीनी प्रवर्तनी परम पूज्य सुदर्शना श्री जी, की शिष्या परम पूज्य साध्वी श्री चंद्रकला श्री जी की शिष्या साध्वी शील माला श्री जी एवं साध्वी रत्न माला श्री जी महाराज साहब श्री जी मसा की पावन निश्रा में श्रीमद् विजय राजेंद्र सुरीश्वर जी मसा की 197वीं जन्म जयंती एवं 117 वीं पुण्यतिथि पौष सुदी सातम के पावन उपलक्ष में गुरु सप्तमी पर्व 15 से 17 जनवरी तक तीन दिवसीय विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जा रहा है। ट्रस्ट अध्यक्ष राजेंद्र डुंगरवाल ने बताया कि कार्यक्रम की संख्या में प्रथम दिवस सांय 6.30 बजे आरती प्रभु भक्ति चौबीसी एवं मेहंदी वितरण का आयोजन किया गया। जिसके धर्म लाभार्थी घनश्याम बंटू बाफना परिवार थे। जैन कॉलोनी स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर के समीप नवनिर्मित नूतन राजेंद्र सूरी आराधना भवन में द्वितीय दिवस मंगलवार 16 जनवरी दोपहर 12.39 बजे भक्तामर स्तोत्र महा पूजन, 7 बजे आरती, प्रभु भक्ति का आयोजन किया गया। जिसमें 44गाथा भक्तामर पाठ पूजन , गुरु पादुका पूजन किया गया। धर्म लाभार्थी विजेंद्र मनीष नागोरी परिवार थे। इस अवसर पर 108 दीपक से पूजा के लिए पाठ सजाया गया। आराधना भवन एवं परमात्मा को चांदी के मंदिर में गुलाब के फूलों से श्रृंगारित किया गया था। अवसर पर विभिन्न भजनों की प्रस्तुति दी गई।

# 12 खिलाड़ियों ने 13 मेडल जीतकर नीमच का गौरव बढ़ाया, राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता संपन्न

**नीमच।** इंदौर में 13 ओर 14 जनवरी 2024को इंदौर पब्लिक स्कूल में आयोजित मध्यप्रदेश राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता एमच्योर कराटे संघ मध्यप्रदेश के बैनर तले इंदौर कराटे संघ के द्वारा सम्पन्न करवाई गई। प्रतियोगिता में सब जूनियर कैडेट, जूनियर 21 वर्ष से कम तथा सीनियर केटेगरी के मुकाबले हुए।

जिसमे मध्यप्रदेश के सभी ज़िलों से लगभग 500 प्रतियोगियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का नेतृत्व किया।




प्रतियोगिता मध्यप्रदेश कराटे संघ के अध्यक्ष सिंहान जयदेव शर्मा, टेक्निकल डाइरेक्टर पारितोष शर्मा और विकास शर्मा के द्वारा सम्पन्न कराई गई। इंदौर जिला कराते संघ के सचिव आशुतोष दाधिच का भी विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता में नीमच जिला के 12 प्रतियोगियों ने भाग लिया। संघर्षपूर्ण मुकाबला करते हुए नीमच जिला की टीम ने 2 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक ओर 6 कांस्य पदक जीतकर नीमच जिले का नाम रोशन किया।

कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन जिला इकाई नीमच के अध्यक्ष समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर ने सभी खिलाड़ियों की सफलता पर उनके परिश्रम और मेहनत को सफलता का श्रेय दिया और सभी खिलाड़ियों के प्रयास व कोच व प्रशिक्षक मीरा थापा के कुशल मार्गदर्शन को सम्मान योग्य कदम बताया।

समाजसेवी अरूल अशोक अरोरा गंगानगर ने कहा कि युवा वर्ग यदि बचपन से ही खेल को जीवन का अंग बना ले तो खेलों के माध्यम से वह अपने जीवन का कैरियर बना सकता है। कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन नीमच जिला सचिव कोच व प्रशिक्षक मीरा थापा ने बताया कि रोटरी से संबंधित इनरव्हील अध्यक्ष रजिया अहमद ,तकनीकी निदेशक अशफाक अहमद उपाध्यक्ष दीपक थापा, कोषाध्यक्ष पवन कुमरावत, व सह सचिव प्रकाश परदेसी ने सभी खिलाड़ियों के मेडल जीतने पर कहा कि खिलाड़ी और अधिक परिश्रम करें और खेल जगत में सफलता की ऊंचाई प्राप्त करें और अपने माता पिता तथा



परिवार जनों का गौरव बढ़ाया।खिलाड़ियों के परिजनों ने खिलाड़ियों को माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया। मीडिया प्रभारी अर्जुन सिंह जायसवाल ने बताया कि प्रतियोगिता को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में सेंसेई मीरा थापा और जसप्रीत सिंह ने जज के तौर पर योगदान दिया। कोच संस्कार शर्मा द्वारा उच्च स्तरीय कोचिंग देकर पदक जीतने में योगदान दिया। थापा कराटे एकेडमी की टेक्निकल डायरेक्टर श्रीजना अंकित थापा ने टीम को मार्गदर्शन दिया।पदक विजेताओं के बालिका वर्ग में आनागा धाकड ने ब्रांज व गोल्ड, सेजल कास्टडेकर ने1ब्रांज, मनस्वी पाटीदार ने2सिलवर, पाल अदिति ने एक ब्रांज, के साधना ने1ब्रांज, के रागवी ने एक सिल्वर पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया इसी प्रकार बालक वर्ग में गौरव सोनी ने 1 ब्रांज, अतीफ खान ने 1सिल्वर, चेतन सिंह ने एक सिल्वर, आर्यन जोशी ने एक ब्रांज , कृष्णा गोयल ने एक गोल्ड पदक जीत कर नीमच जिले का लाल माटी का गौरव पूरे देश में बढ़ाया।

# चेन्नई, मुंबई और बेंगलुरू से सीधे पहुंचेंगे अब राम जन्मभूमि अयोध्या, SpiceJet शुरू करेगा नॉन-स्टॉप फ्लाइट्स




**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट अपने यात्रियों को अब सीधे राम जन्म भूमि अयोध्या पहुंचने की सुविधा देनी जा रही है। कंपनी अगले महीने यानी 1 फरवरी से चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई से अयोध्या के लिए नॉन- स्टॉप फ्लाइट की सुविधा देगी।

दरअसल, 22 जनवरी से ही राम जन्म भूमि अयोध्या पहुंचने के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो जाएगा।

ऐसे में अयोध्या आने वाले यात्रियों को राम नगरी में पहुंचने के लिए किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए नॉन-स्टॉप फ्लाइट की सुविधा पेश की गई है।

**189 सीटों वाला बोइंग 737 विमान भरेगा उड़ान**

स्पाइस जेट से मिली जानकारियों के मुताबिक बेंगलूरू-वाराणसी के बीच एयरलाइन का 189 सीटों वाला बोइंग 737 विमान उड़ान भरेगा। एयरलाइन का लक्ष्य जल्द ही अयोध्या को भारत भर के कई अन्य प्रमुख शहरों से जोड़ना है।

बता दें, इससे पहले स्पाइसजेट ने एलान किया था कि एयरलाइन 21 जनवरी को दिल्ली से अयोध्या के लिए एक विशेष उड़ान संचालित करेगी।

यह विशेष उड़ान 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने वाले यात्रियों को सेवा देगी।

अयोध्या उड़ानों के अलावा, स्पाइसजेट ने 1 फरवरी से मुंबई को श्रीनगर, चेन्नई को जयपुर और बेंगलुरु को वाराणसी से जोड़ने वाली नई उड़ानों का भी एलान किया है।

यात्री कर सकेंगे सुविधाजनक यात्रा

स्पाइसजेट की मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी शिल्पा भाटिया (Shilpa Bhatia, Chief Commercial Officer, SpiceJet) ने कहा, हमें अयोध्या को चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई से जोड़ने वाली नॉन-स्टॉप उड़ानों की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

ये नई उड़ानें कनेक्टिविटी बढ़ाने और यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा देने के रूप में खास होगी।

## Jio यूजर्स की हुई मौज! रिपब्लिक डे ऑफर में 3000 रुपये से ज्यादा के मिलेंगे कूपन, फटाफट चेक करें ऑफर

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो ने अपने ग्राहकों के लिए रिपब्लिक डे ऑफर पेश किया है। यह खास ऑफर जियो के नए ग्राहकों के लिए भी लाया गया है। रिपब्लिक डे ऑफर के तहत कंपनी 2999 रु के रिचार्ज पर 3 हजार रुपये से ज्यादा के कूपन दिए जा रहे हैं।

**किन कामों में कर सकेंगे कूपन का इस्तेमाल**

इन कूपन का इस्तेमाल ग्राहक शॉपिंग, ट्रैवलिंग और खाने पीने के बिल भरने में कर सकते हैं। जियो ने कहा है कि 2999 रु का रिचार्ज करने पर तुरंत ऑफर से जुड़े बेनेफिट पाए जा सकेंगे।

कैसे और कहां मिलेंगे कूपन

कंपनी ने जानकारी दी है कि जियो यूजर रिचार्ज करवाने पर ऑफर के तहत मिलने वाले कूपन को माई जियो ऐप पर चेक कर सकेंगे। ये कूपन ख्ब्ध्द्धश्च ऐप में दिखाई देने लगेंगे।

ज्यादा से ज्यादा कूपन जीतने के लिए ग्राहक अपने नंबर पर जितने चाहे उतने रिचार्ज कर सकता है।

इस ऑफर के तहत जीते गए कूपन दूसरे जियो नंबर पर ट्रांसफर नहीं किए जा सकेंगे। हालांकि, कूपन दोस्तों/परिवार के साथ शेयर किए जा सकेंगे।

**जियो यूजर्स को मिलेंगे ये फायदे**

**शॉपिंग-** रिलायंस के ॅछ्ब्द्धह ऐप से 2499 रुपये की न्यूनतम खराददारी पर ग्राहक को 500 रुपये की छूट मिलेगी। टीरा से ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदने पर




ग्राहक 30% का डिस्काउंट मिलेगा, यह अधिकतम 1000 रु तक हो सकता है।

रिलायंस डिजिटल से कम से कम 5000 रु की खरीद पर 10 फीसदी की छूट मिलेगी, रिलायंस डिजिटल पर अधिकतम छूट सीमा 10 हजार रु तक सीमित है।

**ट्रैवलिंग-** इक्सिगो (i&igo) से हवाई टिकट बुक करने पर 1500 रुपये तक की छूट मिलेगी। 1 यात्री टिकट पर 500 रुपये, 2 यात्रियों पर 1000 रुपये और 3 यात्रियों पर 1500 रुपये की छूट निश्चित की गई है।

खाने के शौकीन भी स्विगी ऐप से खाना बुक कर 125 रु तक की छूट ले सकते हैं। हालांकि, इसके लिए ऑर्डर कम से कम 299 रु का होना चाहिए।

## Sukanya Samriddhi और PPF Account होल्डर तुरंत करें ये काम, 31 मार्च के बाद बंद हो जाएगा आपका अकाउंट

**नई दिल्ली।** पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (PPF) और सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) अकाउंट को एक्टिव रखने के लिए मिनिमम बैलेंस मैंटेन करना अनिवार्य हो गया है। इसको लेकर सरकार ने नए नियम भी लागू किये हैं। 31 मार्च 2024 तक अकाउंट होल्डर को इन अकाउंट में मिनिमम बैलेंस के मैंटेन रखना होगा। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो उनका अकाउंट इनएक्टिव हो सकता है।

इनएक्टिव अकाउंट को दोबारा शुरू करने के लिए अकाउंटहोल्डर को जुर्माना का भुगतान करना होगा। चलिए, जानते हैं कि इन दोनों अकाउंट में कम से कम कितना पैसा होना चाहिए?




**पीपीएफ**

पीपीएफ अकाउंट धारक को एक साल में कम से कम 500 रुपये का मिनिमम बैलेंस डिपॉजिट करना होगा। इसका मतलब है कि एक वित्त वर्ष में कम से मक 500 रुपये का निवेश करना होगा। अगर अकाउंट में इतना बैलेंस नहीं होता है तो खाता बंद हो सकता है।

वहीं, एक साल में 1.5 लाख रुपये से ज्यादा का निवेश नहीं किया जा सकता है। इस साल पीपीएफ अकाउंट में मिनिमम बैलेंस को मैंटेन करने की आखिरी तारीख 31 मार्च 2024 है।

अगर 31 मार्च तक अकाउंट में 500 रुपये राशि जमा नहीं होती है तो अकाउंट फ्रीज हो जाएगा। ऐसे में दोबारा अकाउंट को शुरू करने के लिए पेनल्टी देनी होगी। खाताधारक को 50 रुपये प्रतिवर्ष के हिसाब से जुर्माना देना होगा।

इसे ऐसे समझिए कि अगर 2 साल तक अकाउंट इनएक्टिव होता है तो दोबारा एक्टमिव के लिए निवेश राशि के साथ 100 रुपये का जुर्माना देना होगा। मिनिमम बैलेंस ना होने की वजह से अकाउंट इनएक्टिव के साथ खाताधारक को कई और फायदे भी नहीं मिलेंगे। यानी पीपीएफ अकाउंट होल्डर को इनएक्टिव अकाउंट पर कोई लोन नहीं मिलेगा और वह अकाउंट से पैसे भी विड्रॉ नहीं कर सकते हैं।

**सुकन्या समृद्धि योजना**

सुकन्या समृद्धि योजना में मिनिमम बैलेंस 250 रुपये है। इसका मतलब है कि अकाउंट को एक्टिव रखने के लिए एक वित्त वर्ष में 250 रुपये का निवेश करना होता है। अगर इस स्कीम में निवेश नहीं करते हैं तो अकाउंट बंद हो जाएगा।

दोबारा अकाउंट को एक्टिव करने के लिए खाताधारक को 50 रुपये प्रति वर्ष के हिसाब से पेनल्टी भरनी होगी आपको बता दें कि सुकन्या समृद्धि योजना में सरकार 8.2 फीसदी की दर के हिसाब से ब्याज देती है।

सुकन्या समृद्धि अकाउंट लड़की के जन्म लेने के बाद से उसके 10 साल की उम्र से पहले ओपन किया जा सकता है। इस अकाउंट में एक साल में अधिकतम 1.5 लाख रुपये डिपॉजिट कर सकते हैं। आप अपने नजदीक के बैंक या पोस्ट ऑफिस में सुकन्या समृद्धि अकाउंट खोल सकते हैं।

## Kisan Credit Card बनवाने के लिए जरूरी हैं ये डॉक्यूमेंट्स, जानें कैसे करें अप्लाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार भी किसानों के लिए कई तरह की स्कीम चला रही है। सरकार द्वारा जहां एक ओर पीएम किसान सम्मान निधि योजना (PM Kisan Samman Nidhi Yojana) चलाई जा रही है तो वहीं, किसान क्रेडिट स्कीम (Kisan Credit Card Scheme) भी शुरू की गई है। किसान क्रेडिट स्कीम में किसानों को कम उच्च ब्याज दर लोन मिलता है।




दरअसल, किसानों को कई बार खेती के लिए लोन लेना पड़ता है। वह उच्च ब्याज पर लोन लेते हैं जिसके बाद वह कर्ज में दब जाते हैं। ऐसे में किसानों को कर्ज से राहत देने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई थी। किसान क्रेडिट कार्ड में किसानों को क्रेडिट कार्ड का लाभ दिया जाता है। इस योजना में किसानों को क्रेडिट कार्ड दिया जाता है।

इस कार्ड की मदद से आसानी से लोन लिया जा सकता है। आपको बता दें कि यह योजना नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (National Bank For Agriculture And Rural Development) ने शुरू किया। इस स्कीम का लाभ देश के सभी किसानों उठा सकते हैं।

आपको बता दें कि पीएम किसान योजना के लाभार्थी भी इस स्कीम का लाभ उठासरकार ने इस स्कीम का रजिस्ट्रेशन प्रोसेस काफी आसान किया है। किसान आवेदन करने के 15 दिन के भीतर ही किसान क्रेडिट कार्ड मिल जाता है। चलिए, जानते हैं इस स्कीम में आवेदन कैसे करें?

**कैसे करें आवेदन**

आपको इस स्कीम का लाभ पाने के लिए उस बैंक के अधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा, जहां किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा मिलती है।

अब आप बैंक के वेबसाइट पर किसान क्रेडिट कार्ड के विकल्प को सेलेक्ट करना होगा।

इसके बाद आपको सभी डिटेल्स जैसे- नाम, मोबाइल नंबर आदि जानकारी देनी होगी।

अब आप अपने डॉक्यूमेंट्स को अपलोड करें। इसके बाद आपको सबमिट करना होगा और आपका एप्लीकेशन प्रोसेस हो जाएगा।

**ये डॉक्यूमेंट्स है जरूरी**

किसान क्रेडिट कार्ड के लिए कई दस्तावेज जरूरी होता है। आप अप्लाई करने से पहले इन दस्तावेजों को तैयार रखें।

आपको अपने खेती के जमीन के दस्तावेज

पासपोर्ट साइज फोटो

एड्रेस प्रूफ

आधार कार्ड

पैन कार्ड

## 25 साल पहले Dhoni की टीम के खिलाफ Yuvraj ने खेली थी ऐतिहासिक पारी, युवा बल्लेबाज ने उसे तोड़ डाला

**भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने 25 साल पहले यानी 1999 में अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में पंजाब की तरफ से खेलते हुए बिहार के खिलाफ 358 रन की मैराथन पारी खेली थी। उस समय महेंद्र सिंह धोनी बिहार टीम का हिस्सा थे। अब एक युवा बल्लेबाज ने युवराज सिंह का रिकॉर्ड धराशायी कर दिया है। इस बल्लेबाज ने अपनी पारी से इतिहास रच दिया है।**

**25 साल पहले MS Dhoni की टीम के खिलाफ Yuvraj Singh ने खेली थी ऐतिहासिक पारी, युवा बल्लेबाज ने उसे तोड़ डाला**

**युवराज सिंह ने बिहार के खिलाफ 358 रन की पारी खेली थी**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी ने सोमवार को अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी फाइनल में मुंबई के खिलाफ 636 गेंदों में नाबाद 404 रन की पारी खेलकर इतिहास रचा और टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ स्कोरर के युवराज सिंह के 25 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने 1999 में पंजाब के लिए खेलते हुए बिहार के खिलाफ 358 रन की पारी खेली थी। बिहार की टीम में तब महेंद्र सिंह धोनी भी खेले थे। वैसे, भारत की प्रमुख अंडर19 घरेलू इवेंट में सर्वश्रे ०गत स्कोर का रिकॉर्ड विजय जोल के नाम दर्ज है, जिन्होंने महाराष्ट्र की तरफ से असम के खिलाफ 451 रन बनाए थे।

**बीसीसीआई ने किया पोस्ट**

बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये जानकारी दी कि चतुर्वेदी ने अपनी ऐतिहासिक पारी के दौरान 46 चौके और तीन छक्के जड़े। बीसीसीआई ने पोस्ट किया, कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में 400 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

उन्होंने मुंबई के खिलाफ नाबाद 404 रन बनाए। चतुर्वेदी की पारी की बदौलत कर्नाटक ने मुंबई के 380 रन के जवाब में 890/8 का स्कोर बनाया। यह मुकाबला कर्नाटक की पहली पारी की बढ़त के साथ ड्रॉ पर समाप्त हुआ। प्रखर चतुर्वेदी



के 400 रन का आंकड़ा पार करने के बाद मैच समाप्त की घोषणा की गई। हर्षिल धमानी (179) ने भी कर्नाटक के लिए उम्दा योगदान दिया।

**लारा की दिलाई याद**

प्रखर चतुर्वेदी ने फाइनल मुकाबले में नाबाद 404 रन बनाकर वेस्टइंडीज के पूर्व महान बल्लेबाज ब्रायन लारा की याद दिलाई। लारा ने 2005 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 400 रन बनाए थे। लारा इंटरनेशनल क्रिकेट में 400 रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं। प्रखर चतुर्वेदी ने लारा जैसा कमाल दिखाया और क्रिकेट फैंस की उनसे उम्मीदें बढ़ गई हैं।

## सभी राम भक्तों को मेरा प्रणाम हरभजन सिंह ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए मोदी को दी बधाई






**पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे भी प्रभु श्रीराम के दर्शन का इंतजार है।**

**22 जनवरी देशवासियों के लिए बड़ा दिन है। इस दिन पूरे विश्व का सपना पूरा होने जा रहा है। इसका सभी को बेसब्री से इंतजार है।**

**जालंधर।** पूर्व क्रिकेटर और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह ने अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। हरभजन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर अपनी भावनाएं प्रकट की हैं।

**सभी राम भक्तों को मेरा प्रणाम- हरभजन सिंह**

उन्होंने कहा कि मुझे भी प्रभु श्रीराम के दर्शन का इंतजार है। 22 जनवरी देशवासियों के लिए बड़ा दिन है। इस दिन पूरे विश्व का सपना पूरा होने जा रहा है। इसका सभी को बेसब्री से इंतजार है। सभी राम भक्तों को मेरा प्रणाम।

**पीएम को बधाई**

उन्होंने कहा, मैं सबसे पहले बधाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देना चाहता हूं क्योंकि यह एक ऐसा मंदिर बनने जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में देशवासी आएंगे और श्रीराम के दर्शन कर निहाल होंगे। प्रभु राम हम सब पर कृपा बनाएं रखें।

**22 जनवरी को हजारों रामभक्त पहुंचेंगे अयोध्या**

22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन को लेकर दुनियाभर में रामभक्त काफी उत्साहित हैं। बता दें कि पीएम मोदी रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पूजन के मुख्य यजमान हैं। वहीं, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट ने देश के कई वीआईपी लोगों को 22 जनवरी के दिन अयोध्या आने का न्योता भेजा है। वहीं, 23 जनवरी से आम भक्तों के लिए मंदिर के द्वार खुल जाएंगे।

## Eng के खिलाफ टीम इंडिया के टेस्ट टीम का हिस्सा बनेंगे Shreyas Iyer या नहीं, बल्लेबाज ने सेलेक्शन को लेकर कही दिल की बात

**मुंबई।** श्रेयस अय्यर ना तो अफगानिस्तान के विरुद्ध टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से परेशान हैं और ना ही दक्षिण अफ्रीका में लचर प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड के विरुद्ध आगामी टेस्ट सीरीज को लेकर ज्यादा चिंतित हैं।

रणजी ट्राफी में आंध्र के विरुद्ध मुंबई की जीत के बाद अय्यर ने कहा, देखिए, मैं वर्तमान के बारे में सोचता हूं। मैंने वह मैच पूरा कर लिया है जो मुझे खेलने के लिए कहा गया था। मैं आया और मैं खेला इसलिए मैं जो कर रहा हूं उससे खुश हूं। (पांच मैचों



की टेस्ट सीरीज के बारे में नहीं सोचा) उन्होंने कहा, एक समय में एक मैच पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है, पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के बारे में नहीं सोचा जाए। टीम केवल पहले दो मैच के लिए है। लक्ष्य शुरुआती दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा और फिर बाकी मैचों के लिए तत्पर रहना होगा।

अय्यर को अफगानिस्तान के विरुद्ध चल रही टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया और मामले की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि उनके बाहर होने का संबंध भारत के शीर्ष क्रम में दाएं हाथ के बल्लेबाजों की भरमार से है।

**मैं वर्तमान के बारे में सोचता हूं- अय्यर**

## ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज के पहले टेस्ट के लिए दोनों ने किया अपनी टीम का एलान




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच बुधवार से दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होगा। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच सीरीज का पहला टेस्ट एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। दोनों टीमों ने पहले टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है।

वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रेथवेट ने बताया कि पहले टेस्ट में उनकी टीम से तीन खिलाड़ी डेब्यू करेंगे। एडिलेड में कावेम हॉज, जस्टिन ग्रीव्स और शामर जोसेफ कैरेबियाई टीम की तरफ से पदार्पण करेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया की बढ़ेगी ताकत**

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के जुड़ने से उनकी टीम की ताकत बढ़ेगी। डेविड वॉर्नर के संन्याय लेने के बाद स्टीव स्मिथ ने पारी की शुरुआत करने में दिलचस्पी दिखाई। पहले टेस्ट में स्मिथ ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग करते हुए नजर आएंगे।

इससे कैमरन ग्रीन को अपनी मनपसंद नंबर-4 पर खेलने की अनुमति मिलेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास ग्रीन के रूप में अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प भी होगा। इस कदम से मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस का कार्यभार संतुलित होगा।

**डेब्यूटेंट बिखेरना चाहेंगे जलवा**

वेस्टइंडीज की बात करें तो दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ग्रीव्स प्रमुख कड़ी बन सकते हैं। ग्रीव्स का फर्स्ट-क्लास गेंदबाजी रिकॉर्ड दमदार है और वो बल्ले से भी योगदान देना जानते हैं। वहीं शामर को भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। हॉज पर गुडाकेश मोती का साथ निभाने की जिम्मेदारी हो सकती है।

**एडलिड टेस्ट के लिए दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

ऑस्ट्रेलिया - उस्मान ख्वाजा, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, मार्नस लाबुशेन, कैमरन ग्रीन, ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी, मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस (कप्तान), नाथन लियोन और जोश हेजलवुड।

वेस्टइंडीज - क्रैग ब्रेथवेट (कप्तान), तेजनारायण चंद्रपॉल, कर्क मैकेंजी, एलिक एथांजे, कावेम हॉज, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डी सिल्वा, गुडाकेश मोती, अल्जारी जोसेफ, शामर जोसेफ और केमार रोच।

# Maruti Suzuki पेश करेगी ये 2 इलेक्ट्रिक कारें, कम कीमत में मिल सकती है जबरदस्त रेंज और फीचर्स



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी Maruti Suzuki की ओर से भारतीय बाजार के अंदर 2 इलेक्ट्रिक कारें पेश की जाएंगी। इनमें Maruti Suzuki eVX और एक कॉम्पैक्ट ईवी शामिल है। अपने इस लेख में हम इंडो-जापानी निर्माता के इन दोनों प्रोडक्ट्स के बारे में जानेंगे।

**Maruti Suzuki eVX**

Maruti Suzuki eVX को भारत और यूरोप में कई बार परीक्षण के दौरान देखा गया है, जिससे पता चलता है कि ये अपने प्रोडक्शन वर्जन के करीब पहुंच चुकी है, क्योंकि इसके 2024 में ही लॉन्च होने की उम्मीद है। eVX का निर्माण भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए भारत में किया जाएगा। इसके अलावा टोयोटा ब्रांड के तहत एक रीबैज संस्करण भी आएगा।

अभी तक इसके प्लेटफॉर्म आर्किटेक्चर या बैटरी तकनीक के बारे में जानकारी सामने नहीं है, लेकिन हम जानते हैं कि यह एक बिल्कुल नए ओनली-ईवी आर्किटेक्चर पर डिजाइ की जाएगी। इसकी बैटरी यूनिट 60kWh की होने वाली है। इस इलेक्ट्रिक एसयूवी की ड्राइव करने योग्य रेंज एक बार चार्ज करने पर 550 किमी तक होने की उम्मीद है जो काफी प्रभावशाली है।

डिजाइन की बात करें तो इसमें स्लीक एलईडी हेडलाइट्स, वाई-आकार के एलईडी डीआरएल, बम्पर पर फ्लैगशिप ब्लैक क्लैडिंग, चौड़े एयर इनलेट, हॉरिजेंटल एलईडी लाइटिंग एलीमेंट,ब्लैक फिनिश वाले पिलर, पैनोरमिक सनरूफ, 360-डिग्री कैमरा और वायरलेस चार्जिंग जैसे फीचर्स मिलने वाले हैं।

**Maruti Suzuki Compact Electric hatchback**

कंपनी का दूसरा प्रोडक्ट एक किफायती इलेक्ट्रिक हैचबैक होगा, जो Tata Tiago EV और MG Comet को टक्कर देगी। ये eWX कॉन्सेप्ट पर आधारित होगी, जिसे टोक्यो मोटर शो में पेश किया गया था।

इसकी बैटरी और मोटर के बारे में विवरण अभी तक सामने नहीं आया है, लेकिन हमें उम्मीद है कि इसकी रेंज अपने कंपटीटर्स के बराबर ही होगी।

उम्मीद है कि इसका टॉप स्पेक मॉडल लगभग 200-250 किमी की रेंज देगा। ये एक बिल्कुल नए स्केटबोर्ड प्लेटफॉर्म पर आधारित होने की उम्मीद है, जो मॉड्यूलर है और लागत को नियंत्रण में रखने के लिए अत्यधिक लोकलाइज्ड होगा।

# 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, देश की नहीं अपितु पूरे विश्व की निगाहें

**श्रीराम, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव**

**अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम निर्धारित है। इस अवसर पर देश की नहीं अपितु पूरे विश्व की निगाहें हैं। रामलला की मूर्ति का चयन भी हो चुका है। मंदिर को अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात काम चल रहा है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा देशभर से लाखों विशेष अतिथि अयोध्या आ रहे हैं। कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद आम श्रद्धालु भी भव्य एवं ऐतिहासिक राम मंदिर के दर्शन कर सकेंगे।**



## राम मंदिर के संदर्भ में सिलसिलेवार घटनाक्रम

**साल 1528 - बाबरी मस्जिद का निर्माण**
बाबरी मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट कमांडर मीर बाकी ने कराया था। मीर बाकी ने ही इस मस्जिद का नाम बाबरी रखा था।

**साल 1885 - पहली बार कोर्ट पहुंचा मामला**
मामला पहली बार अदालत में पहुंचा। महंत रघुवरदास ने फैजाबाद अदालत में बाबरी मस्जिद से लगे राम मंदिर के निर्माण की इजाजत के लिए अपील दायर की।

**साल 1949 - रामलला की मूर्ति प्रकट हुई**
विवादित ढांचे के बाहर केंद्रीय गुंबद के नीचे रामलला की मूर्ति प्रकट हुई। इसके बाद उस स्थान पर लोग पूजा करने लगे।

**साल 1950 - पूजा के अधिकार के लिए मुकदमा**
गोपाल सिंह विषारद ने फैजाबाद कोर्ट में मुकदमा दायर करके पूजा के अधिकार की मांग की थी। इसी केस के बाद हिंदुओं को मंदिर में पूजा-अर्चना का अधिकार मिला था।

**साल 1950 - मूर्तियां रखने लिए मुकदमा**
परमहंस रामचंद्र दास ने पूजा और मूर्तियों को रखने की लिए फैजाबाद कोर्ट में मुकदमा दायर किया था। परमहंस के इस कदम से राम मंदिर के आंदोलन को नई धार मिली।

**साल 1959 - विवादित स्थल पर मुकदमा**
निर्मोही अखाड़ा ने विवादित स्थल पर कब्जे के लिए मुकदमा दायर किया।

**साल 1981 - वक्फ बोर्ड ने भी किया मुकदमा**
यूपी सुन्नी वक्फ बोर्ड ने कब्जे को लेकर मुकदमा दायर किया।

**साल 1986 - हिंदुओं को पूजा करने की मिली अनुमति**
1 फरवरी, 1986- स्थानीय अदालत ने स्थल को हिंदुओं की पूजा के लिए खोलने का आदेश दिया।

**साल 1989 - हाईकोर्ट से भी हिंदू पक्ष को राहत**
14 अगस्त, 1989- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया।

**साल 1992 - बाबरी विध्वंस**
6 दिसंबर, 1992- विवादित ढांचे को ढहा दिया गया। इसके बाद राम मंदिर के लिए आंदोलन ने और गति पकड़ी।

**साल 2002 - इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा मामला**
अप्रैल 2002- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवादित स्थल पर मालिकाना हक को लेकर सुनवाई शुरू की।

**साल 2010 - इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला**
30 सितंबर, 2010- हाईकोर्ट ने विवादित स्थल को तीन बराबर हिस्सों में सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और रामलला में बांटने का फैसला सुनाया।

**साल 2011 - हाईकोर्ट के फैसले पर ( सुप्रीम ) रोक**
9 मई, 2011- सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के तीन बराबर हिस्सों में बांटने के फैसले पर रोक लगाई।

**साल 2018 - सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू**
8 फरवरी, 2018- सुप्रीम कोर्ट ने सिविल अपीलों पर सुनवाई शुरू की।

**साल 2019 - संवैधानिक पीठ का गठन**
2019- सुप्रीम कोर्ट ने चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय संविधान पीठ का गठन किया।

**साल 2019 - रोजाना सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित**
6 अगस्त, 2019- सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या मामले को लेकर प्रतिदिन सुनवाई होने लगी और 16 अगस्त 2019 को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया।

**साल 2019 - राम मंदिर पर ऐतिहासिक फैसला**
2019, 09 नवंबर- सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की बेंच ने श्री राम जन्म भूमि के पक्ष में फैसला सुनाया। 2.77 एकड़ विवादित भूमि हिंदू पक्ष को मिली और मस्जिद के लिए अलग से 5 एकड़ जमीन मुस्लिम पक्ष को मुहैया कराने का आदेश दिया गया।

**साल 2024 - भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा**
22 जनवरी, 2024- हिन्दू आस्था का केन्द्र भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा भारतवर्ष ही नही दुनिया के लिण ऐतिहासिक पल।

# राम मंदिर- महत्त्वपूर्ण तथ्य, निर्माण संबंधी पहलू और अन्य विशेषताएँ

**राम मंदिर, जिसे लोकप्रिय रूप में अयोध्या राम मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, अयोध्या, उत्तर प्रदेश में स्थित एक हिंदू मंदिर है। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, यह मंदिर भगवान श्री राम को समर्पित है और ऐसा माना जाता है कि इसका निर्माण राम जन्मभूमि ( भगवान श्री राम की जन्मस्थली ) पर किया गया है। यह राम मंदिर भगवान राम से जुड़ी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाता है और हिंदुओं के लिए अत्यधिक सांस्कृतिक और धार्मिक महत्त्व को प्रदर्शित करता है।इस लेख का उद्देश्य इस प्रतिष्ठित मंदिर की विविध विशेषताओं के साथ-साथ इसके वास्तुशिल्प डिजाइन और निर्माण संबंधी पहलुओं की व्याख्या करना है।**

**राम मंदिर के विषय में महत्त्वपूर्ण तथ्य**
मुख्य वास्तुकार- चंद्रकांत बी. सोमपुरा (CBS)
निर्माण कंपनी- लार्सन एंड टुब्रो (L&T)
परियोजना प्रबंधन कंपनी- टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड (TCEL)
डिज़ाइन सलाहकार- IIT चेन्नई, IIT बॉम्बे, IIT गुवाहाटी, CBRI रुड़की, SVNIT सूरत, NGRI हैदराबाद
मूर्तिकार- अरुण योगीराज (मैसूर), गणेश भट्ट और सत्यनारायण पांडे
कुल क्षेत्रफल- 70 एकड़ (70% हरित क्षेत्र)
मंदिर क्षेत्रफल- 2.77 एकड़
मंदिर के आयाम-
- लंबाई – 380 फीट
- चौड़ाई – 250 फीट
- ऊँचाई – 161 फीट

**निर्माण शैली- भारतीय नागर शैली**
**विशेषताएँ-**
- दो सीवेज शोधन संयंत्र
- एक जल शोधन संयंत्र
- समर्पित विद्युत आपूर्ति

**प्रयुक्त निर्माण सामग्री**
राम मंदिर के निर्माण में उपयोग की जाने वाली प्रमुख सामग्रियाँ ह-
स्टील के बिना उच्च ग्रेड "रोल्ड कॉम्पैक्टेड कंक्रीट" (Rolled Compacted Concrete)
गुलाबी बलुआ पत्थर (Pink Sand Stone)
ग्रेनाइट पत्थर (Granite Stone)
शालिग्राम शिला (Shaligram Rock)
तांबे की प्लेटें (Copper Plates)
सोना और अष्टधातु (Gold and Ashtdhatu)
सागौन की लकड़ी (Teakwood)

**राम मंदिर की नींव का डिजाइन**
14 मीटर मोटे रोल्ड कॉम्पैक्ट कंक्रीट (Rolled Compact Concrete) को परतदार बनाकर कृत्रिम पत्थर का आकार दिया गया है।

फ्लाई ऐश/धूल और रसायनों से बने कॉम्पैक्ट कंक्रीट (Compact Concrete) की 56 परतों का उपयोग किया गया है।
नमी से बचाव के लिए राम मंदिर के आधार पर 21 फुट मोटा ग्रेनाइट का चबूतरा (Plinth) बनाया गया है।
मंदिर की नींव के डिजाइन में कर्नाटक और तेलंगाना के ग्रेनाइट पत्थर और बांस पहाड़पुर (भरतपुर, राजस्थान) के गुलाबी बलुआ पत्थर (Pink Sand Stone) का उपयोग किया गया है।
अयोध्या राम मंदिर की नींव का डिजाइन

**भवन विवरण**
यह तीन मंजिला मंदिर भूकंपरोधी संरचना है।
इसमें 392 स्तंभ और 44 दरवाजे हैं।
इसके दरवाजे सागौन की लकड़ी (Teakwood) से बने हैं और उन पर सोने की परत चढ़ायी गई है।
मंदिर की संरचना की अनुमानित आयु 2500 वर्ष है।
मूर्तियाँ 6 करोड़ वर्ष पुरानी शालिग्राम शिलाओं से बनी हैं, जो गंडकी नदी (नेपाल) से लाई गई हैं।
श्री राम मंदिर की शिला
घंटा अष्टधातु (सोना, चांदी, तांबा, जस्ता, सीसा, टिन, लोहा और पारा) से बनाया गया है। घंटे का वजन 2100 किलोग्राम है। घंटी की आवाज 15 किलोमीटर दूर तक सुनी जा सकती है।
अयोध्या राम मंदिर घंटी
मंदिर के मुख्य गर्भगृह में श्री राम लला (भगवान श्री राम का शिशु रूप) की मूर्ति है।
**प्रथम तल पर श्री राम दरबार है।**
**श्री राम मंदिर मंदिर में 5 मंडप हैं-** नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप, कीर्तन मंडप।
परिधि (परिकोटा) के चारों कोनों पर सूर्यदेव, माँ भगवती, भगवान गणेश और भगवान शिव को समर्पित चार मंदिरों का निर्माण किया जाएगा।
उत्तरी दिशा में देवी अन्नपूर्णा का मंदिर होगा और दक्षिणी दिशा में भगवान हनुमान का मंदिर होगा।
मंदिर परिसर के भीतर, अन्य मंदिर महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, राजा निशाद, माता शबरी और देवी अहिल्या को समर्पित होंगे।
**मंदिर परिसर में सीता कुंड नामक एक पवित्र कुंड भी होगा।**
दक्षिण-पश्चिम दिशा में नवरत्न कुबेर पहाड़ी पर भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा और जटायु की एक प्रतिमा स्थापित की जाएगी।
निष्कर्षत: धार्मिक आस्था का प्रतीक होने के साथ-साथ, श्री राम मंदिर एक अद्भुत वास्तुशिल्प कृति है।
भारत की आध्यात्मिक विरासत और भगवान राम की अमर प्रसिद्धि के जीवित प्रमाण के रूप में, यह मंदिर अयोध्या को भारत की आध्यात्मिक राजधानी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# Animal में बिजनेस टाइकून के बाद 'Fighter' में ऐसा होगा अनिल कपूर का किरदार, बोले- फिल्म ने दी जिंदगी की सबसे बड़ी सीख

**सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी फिल्म फाइटर बड़े पर्दे पर दमखम दिखाने के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। ऋतिक रोशन दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर स्टारर यह फिल्म देशभक्ति की भावना से भरी है। ट्रेलर को फैंस की हरी झंडी मिल गई है। अब ट्रेलर लॉन्च के दौरान टीम ने फिल्म से जुड़ी कुछ बातें कहीं।**

**नई दिल्ली।** एरियल एक्शन फिल्म फाइटर अब से कुछ ही दिनों में रिलीज होने वाली है। सोमवार को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया, जिसे देखने के बाद फैंस ऋतिक-दीपिका और बाकी कास्ट की तारीफ करते नहीं थक रहे। फाइटर का ट्रेलर सुर्खियों में छाया हुआ है। मुंबई में फाइटर का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया।
यहां दीपिका को छोड़ ऋतिक रोशन, अनिल कपूर, सिद्धार्थ आनंद और अक्षय ओबरॉय मौजूद रहे।

**फाइटर के ट्रेलर लॉन्च में पहुंची टीम**
फाइटर फिल्म ट्रेंडिंग में बनी हुई है। फिल्म को लेकर फैंस ने खासा एक्साइटमेंट दिखाया है। ऋतिक और पूरी कास्ट ने अपने रोल में फिट बैठने के लिए बॉडी लैंग्वेज पर काफी मेहनत की है।
फिल्म की स्टोरी लोगों को कितनी पसंद आएगी, इसका खुलासा 25 जनवरी को होगा क्योंकि इस दिन फिल्म रिलीज हो रही है। बहरहाल, ट्रेलर लॉन्च में ढेर सारी मस्ती देखने को मिली।
ऋतिक और अनिल ने बताया ने इस दौरान काफी कुछ बताया। बातों का नहीं, काम दिखाने का समय है।
ऋतिक रोशन ने कहा, मेरे ख्याल से ये बातें करने का नहीं, बल्कि काम दिखाने का समय है।
हमारा काम हमारे लिए बात करेगा। मैं यूनिवर्स को थैंक्यू करूंगा कि उसने मुझे कुछ क्रेजी और पैशनेट लोगों से मेरी जिंदगी भर दी।



मुझे सिद्धार्थ आनंद जैसे क्रेजी और पैशनेट पर्सन के साथ काम करने का मौका मिला, जो अनिल सर की तरह ही पैशनेट है।
मुझे ऐसे लोगों के साथ होना ब्लेस्ड फील देता है, जिन्होंने सिनेमा के लिए अपना सबकुछ दे दिया।

**अनिल कपूर ने फिल्म से सीखी ये बात**
अनिल कपूर ने कहा, इस फिल्म ने मुझे डिसिप्लिन और सेल्फलेस तरीके से काम करना सिखाया है।
आज आर्मी दिवस है और ट्रेलर लॉन्च करने का ये सबसे बेहतरीन दिन है। ट्रेलर को जो रिएक्शन मिले हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं।

# 7 नए फॉर्मेटिंग ऑप्शन से WhatsApp पर अपने टेक्स्ट मैसेज को बनाए स्टाइलिश




**नई दिल्ली।** मेटा का मैसेजिंग ऐप यानी WhatsApp भारत और दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें आपको बहुत से ऐसे ऑप्शन मिलते हैं, जो आपके मैसेजिंग अनुभव को बेहतर बनाते हैं। इसी सिलसिले को जारी रखते हुए कंपनी ने आपके टेक्स्ट को फॉर्मेट करने के लिए कुछ नए तरीकों की टेस्टिंग कर रहा है। इसमें आपको कोड ब्लॉक, कोट ब्लॉक और लिस्टिंग जैसे ऑप्शन्स शामिल किए गए है।
बता दें कि iOS बीटा यूजर्स को पहले ही ये फीचर मिल गया है। अब एंड्रॉइड यूजर्स के लिए ये आसान फॉर्मेटिंग टूल उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे आप आसानी से अपने मैसेजिंग एक्सपीरियंस को अपग्रेड कर सकते हैं। कंपनी ने तीन नए फॉर्मेट ऑप्शन को जोड़ा है, जिसके बाद हमारे पास कुल 7 तरीके है, जिसका हम उपयोग कर सकते हैं। आज हम आपको इनके बारे में बताने जा रहे हैं।

**कोड ब्लॉक( Code Block )**
कोड ब्लॉक फीचर आपको चैट में अस्त-व्यस्त लाइनों के बजाय एक साफ, व्यवस्थित ब्लॉक में कोड और दूसरे मोनोस्पेस्ड फॉन्ट दिखाने देता है। इसका उपयोग करना बहुत आसान है आपको अपने टेक्स्ट को बैकटिक्स ( ) में रखना होगा। यह तब काम करता है जब टेक्स्ट एक मोनोस्पेस्ड फॉन्ट में शिफ्ट हो जाता है।

**कोट्स ब्लॉक Quotes Block**
कोटेशन ब्लॉक किसी मैसेज के किसी खास हिस्से पर सीधे प्रतिक्रिया देने के लिए उपयोग किए जाते हैं। इसका उपयोग करने के लिए आपको इस टेक्स्ट को आप कोट करना करना होता हैं और उसके पहले बस > लगाना होता है। ये फीचर तब सबसे ज्यादा काम आता है जब आप किसी लंबे मैसेज में किसी एक खास भाग का रिप्लाई करना चाहते हैं। इसमें आपको आसानी से चैट थ्रेड को फॉलो कर सकते हैं और विशिष्ट टेक्स्ट को रिप्लाई कर सकते हैं।

**लिस्ट्स ( Lists )**
अपने नाम के हिसाब से लिस्ट का मतलब है किसी भी प्वाइंट या टॉपिंक को लिस्ट आउट करना। नए लिस्ट फॉर्मेटिंग ऑप्शन आपको टेक्स्ट को लंबे सेगमेंट में लिखने के बजाय उसे नंबर्स और बुलेट में लिस्ट करने का विकल्प देता है।
**अगर आप अपने टेक्स्ट को - या *** के साथ लाइन को शुरू करना है। वहीं अगर आप नंबरिंग करना चाहते हैं तो आसानी से 1 या उसके बाद के नंबर डाल सकते हैं। अन्य फॉर्मेटिंग ऑप्शन की बात करें तो कंपनी अपने कस्टमर्स को बोल्ड, इटैलिक,स्ट्राइकथ्रू और मोनोस्पेस पहले से ही वॉट्सऐप में उपलब्ध है।




# Health

## पूरी सर्दी एनर्जेटिक रहने के लिए डाइट में शामिल कर लें ये 5 चीजें

**Winter Health Tips ठंड के इस मौसम से बचने के लिए लोग कई तरीके अपनाते हैं लेकिन फिर भी उनका असर थोड़े समय के लिए ही रहता है। इससे बेहतर है डाइट में कुछ ऐसी चीजें शामिल कर ली जाएं जो बॉडी को अंदर से गर्म रखने का काम करें। आइए जानते हैं ऐसी ही 5 चीजों के बारे में।**




**HIGHLIGHTS**
**सर्दियों में डाइट का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।**
**इस मौसम में बंद नाक, सर्दी-जुकाम की तकलीफ सभी को रहती है।**
**कुछ चीजें ऐसी हैं जिन्हें खाने से आपके शरीर को अंदर से गर्माहट मिलती है।**

**नई दिल्ली।** सर्दियों का मौसम अपने साथ बंद नाक, सर्दी-जुकाम और बॉडी में वीकनेस लेकर आता है। इस बीच गर्म कपड़ों के साथ-साथ शरीर को गर्माहट देने वाली चीजें भी डाइट में शामिल करना जरूरी हो जाता है, जिससे शरीर को इस मौसम में भी पूरे न्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स मिल सकें और आप बिना बीमार पड़े ये मौसम एंजॉय कर सकें। आइए जानते हैं इनके बारे में।

**गुड़**
गुड़ सर्दियों में किसी सूपरफूड से कम नहीं है। सर्दियों में अक्सर फिजिकल एक्टिविटी कम हो जाती हैं ऐसे में इसका सेवन डाइजेशन को बेहतर बनाता है और शरीर को गर्मी पहुंचाता है। ये मेटाबोलिज्म को फास्ट तो करता ही है, साथ ही सर्दी-जुकाम से भी आपको बचाने की काबिलियत रखता है। इसलिए इसे जरूर विंटर डाइट में शामिल कर लें।

**घी**
इसका इस्तेमाल हर घर में किया ही जाता है। सब्जी हो या दाल, चावल हो या रोटी, तीखा हो या कुछ मीठा ये हर चीज का सिर्फ टेस्ट ही नहीं बढ़ाता है बल्कि ये आपकी बॉडी के टेम्प्रेचर को भी बढ़ता है जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसका इस्तेमाल अपनी डाइट में आप कई तरीकों से कर सकते हैं।

**खजूर**
खजूर खाने से शरीर को कई फायदे मिल सकते हैं। ये आपको एनर्जेटिक रखने में मदद करेगा। इसलिए अपने नाश्ते में 1 गिलास दूध के साथ 2 से 3 खजूर खाना शुरू कर दें।

**तिल**
तिल को भी अपनी विंटर डाइट में आपको जरूर शामिल कर लेना चाहिए। इससे शरीर गर्म रहता है। वहीं, इसका सेवन बॉडी को आयरन और कैल्शियम प्रदान करता है, जिससे ठंड कम लगती है।

**अदरक**
ठंड के मौसम में होने वाले जोड़ों के दर्द और फ्लू से इसका सेवन आपको बचा सकता है। सुबह की चाय में और खाने में इसे जरूर शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही गले के इंफेक्शन से तुरंत राहत पाने के लिए इसे कच्चा भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे आपके दिन को एक फ्रेश स्टार्ट मिल सकता है। तो, सर्दियों में चीजों को डाइट का हिस्सा बनाएं और हेल्दी रहें।

# Healthy Lifestyle Tips

## बदलती लाइफस्टाइल में इन तरीकों से रखें खुद को फिट और एक्टिव



**अगर आप बढ़ती उम्र में भी फिट बने रहना चाहते हैं और बीमारियों से दूर रहना चाहते हैं तो बहुत जरूरी है Healthy Lifestyle Tips लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करना। बहुत छोटे-छोटे ये बदलाव ला सकते हैं आपकी जिंदगी को बना सकते हैं बेहतर। आइए जानते हैं डेली रूटीन में की जाने वाली कुछ ऐसी ही चीज़ों के बारे में जो स्वस्थ शरीर के लिए हैं जरूरी।**

**नई दिल्ली।** आजकल ज्यादातर काम करने के लिए हमारे पास मशीनें हैं। जिस वजह से फिजिकल एक्टिविटी बहुत ही कम हो गई है। दूसरा सर्दियां भी हैं, जिसमें आलसपन बढ़ जाता है, कोई काम करने का दिल नहीं करता। ऐसी लाइफस्टाइल आपको मोटापे, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी और भी कई बीमारियों का शिकार बना सकती है।
वहीं अगर आपने जीवनशैली में कुछ छोटे-मोटे बदलाव कर लिए, तो आप लंबे समय तक चुस्त-दुरुस्त बने रह सकते हैं और आज के समय में हेल्दी रहना सबसे ज्यादा जरूरी है। अपनी फिटनेस जर्नी की शुरुआत डाइट से करें। यहां किन चीज़ों पर ध्यान देने की जरूरत है, आइए जान लेते हैं।

**खानपान में इन बदलावों से रखें खुद को फिट**

1. डाइट में साबुत अनाज, अंकुरित अनाज, डेयरी प्रोडक्ट्स दाल, सब्जियों, फल और ड्राई फरूटस को जरूर शामिल करें।
2. खाने को टेस्टी से ज्यादा हेल्दी बनाने पर फोकस करें। जिसके लिए बहुत ज्यादा मेहनत की भी नहीं है जरूरत।
पोहे में मूंगफली डालकर, अंकुरित अनाजों में प्याज-टमाटर के साथ खीरा-गाजर जैसी सब्जियां शामिल कर, इडली में पालक डालकर उसके टेस्ट और हेल्थ दोनों को बढ़ाया जा सकता है। ऐसे ही दाल को भी कई सारी सब्जियों के साथ पकाएं।
3. जो डिशेज़ माइक्रोवेव में बनाना पॉसिबल है, उसे उसमें ही बनाएं। क्योंकि इसमें पकाने में बहुत ज्यादा तेल की जरूरत नहीं होती। साथ ही न्यूट्रिएंट्स भी बरकरार रहते हैं।
4. सब्जियों को हमेशा धोकर काटें और बड़े-बड़े टुकड़ों में काटें। इससे भी उनके पोषक तत्व बरकरार रहते हैं।
5. डाइट में सलाद को जरूर शामिल करें। ये भूख को कंट्रोल करते हैं और खाने से कम से कम 15-20 मिनट पहले सलाद खाएं।
ऐसा इसलिए क्योंकि सलाद में पानी की मात्रा होती है और खाने के साथ पानी की मात्रा डाइजेशन के लिए सही नहीं होता।
6. चावल पकाने का सही तरीका है उसे मांड के साथ पकाना।
7. ईवनिंग स्नैक्स में चाय के साथ चिप्स, बिस्कुट खाने की जगह पापकॉर्न, मुरमुरा, चने, मखाने जैसे ऑप्शन्स चुनें।
8. भोजन में प्रोटीन, फाइबर वाले फूड्स शामिल करें। फैट की मात्रा कम रखें।
9. सर्दियों में कब्ज की परेशानी बहुत ही आम होती है। इसके लिए साबुत अनाज को शामिल करें।
10. दिन की शुरुआत गुनगुने पानी से करें। इससे पेट अच्छे से साफ होता है और बॉडी डिटॉक्स भी होती है।
11. लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का इस्तेमाल करें। ये छोटी सी एक्सरसाइज आपको रखेगी फिट।

# सांसद गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहभागिता की



**मंदसौर।** सांसद सुधीर गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आज संसदीय क्षेत्र की नीमच विधानसभा के ग्राम दारु एवं बामनबर्डी में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर उपस्थित ग्राम वासियों से केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा की, साथ ही पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरीत किया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने जो विकास कार्य किए है वह आज तक किसी भी सरकार ने नही किया है। आज हर गांव में पीने का पानी पहुंच रहा है। महिलाओं के बैंको में खाते खुल रहे है। उन्है उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए। उन्होने कहा कि मोदी सरकार किसानों की सरकार है गरीबों की सरकार है। आज किसानों को पीएम स्वनिधि के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। सरकार द्वारा मुद्रा योजना के तहत लोन दिए जा रहे है। सांसद गुप्ता ने कहा कि गरीबों के अपने घर का सपना साकार हो रहा है।

सांसद गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आपके द्वार आपको योजना का लाभ देने आई है। यह मोदी की विकास गारंटी वाली यात्रा है। इसी के साथ ही सांसद सुधीर गुप्ता ने ग्राम दारु में सुरजसिंह शक्तावत के निवास पर कार्यकर्ताओं से चाय पर चर्चा । इस दौरान नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मदन धनगर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मनीषा धाकड़, आदित्य मालु, पूर्व भाजपा जिला मंत्री सत्यनारायण गोयल, जनपद उपाध्यक्ष महेश नागदा, राजेश पाटीदार, जनपद सदस्य, सरपंच सहित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# हम सभी हमेशा जंगल और वन्य जीवों की रक्षा करेंगे स्कूली छात्र-छात्राओं ने ली जंगल बचाने की सामूहिक शपथ

## वन विभाग के "मैं भी बाघ" अनुभूति कार्यक्रम में शामिल हुए स्कूली छात्र-छात्राएं



**नीमच।** हम सभी छात्र-छात्राएं आज यह शपथ लेते है कि जंगल को बचाने के लिए हम हर समय तैयार रहेंगे। साथ ही वन संपदा और वन्य जीवों की रक्षा के लिए भरपूर कोशिश करेंगे। यह सामूहिक शपथ मंगलवार को छात्र-छात्राओं ने ग्राम हरवार के जलेश्वर महादेव वन परिक्षेत्र में सामूहिक रूप से ली। वन विभाग नीमच द्वारा मप्र इको पर्यटन विकास बोर्ड के अनुभूति कार्यक्रम सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम चीताखेड़ा के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 11-12वीं के 96 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) एमआर बघेल व जिला वन मंडलाधिकारी (डीएफओ) एसके अटोदे के नेतृत्व में यह अनुभूति कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें उप वन मंडलाधिकारी (एसडीओ) दशरथ अखंड व टीम द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को अनुभूति कर्यक्रम की थीम "मैं भी बाघ" के तहत वन परिक्षेत्र का भ्रमण कराया गया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को अनुभूति कैप पहनाई व किताब देकर कार्यक्रम का पूर्व प्रारूप बताया। इसके बाद वन परिक्षेत्र की वनस्पति, पेड़-पौधे, वन्य जीव, सिंचाई स्त्रोत, वन्य जीवों के रहने, खाने-पीने, शिकार, सुरक्षा व उनसे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गई। छात्र-छात्राओं ने वन और वन्य जीवों जैसे शेर, चीता, तेंदुआ, जरख, नीलगाय, हिरन, सांप, अजगर, खरगोश व अन्य के महत्व के बारे में जानकारी लेते हुए उनकी रक्षा करने के लिए गर्मजोशी से सामूहिक शपथ भी ली। इस दौरान अनुभूति प्रेरक अनुष्का मांदलिया ने जंगल आधारित कविता का गायन कर छात्र-छात्राओं को वनों के बारे में जागरूक किया। एसडीओ श्री अखण्ड ने बताया कि वन विभाग का अनुभूति कार्यक्रम 15 दिसम्बर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक चलाया जा रहा है। इसमें स्कूली व कॉलेज के छात्र-छात्राओं को वन भ्रमण करवाकर उन्हें वन और वन्य जीवों के महत्व को बताया जाता है। नीमच जिले के अलग-अलग वन परिक्षत्रों में कुल 13 अनुभूति शिविर आयोजित किए जाएंगे। स्कूली छात्र-छात्राओं को अनुभूति कार्यक्रम से पूर्व नाश्ता व उसके बाद सहभोज कराया गया। जंगल भ्रमण व जानकारियों के आधार पर प्रतियोगिता भी हुई जिसमें अव्वल आए प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनका हौंसला भी बढ़ाया गया। मुख्य वन संरक्षक श्री बघेल ने जलेश्वर मंदिर के आसपास व जल प्राकृतिक जल स्त्रोत की साफ सफाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान ग्राम पंचायत हरवार के सरपंच नरेंद्र सिंह जाट, सचिव संजय रावत, अनुभूति प्रेरक गजेंद्र जैन, अनुष्का मांदलिया, रिटायर्ड रेंजर गोपाल बंधु, परिक्षेत्र सहायक जीरन मांगीलाल मालवीय, परिक्षेत्र सहायक रमेश कुमार प्रजापति, बीट गार्ड जीरन प्रथम अरुण कुमार पारे, बीट गार्ड द्वितीय गजेंद्र सिंह पंवार, बीट गार्ड चीताखेड़ा ईश्वर सिंह चौहान, वन रक्षक नीमच ललिता शक्तावत, अब्दुल सलाम, प्रिंसिपल आरके शर्मा, शिक्षक अशोक गुर्जर, महिपाल गौड़, कविता टेलर, पूर्णिमा शर्मा, सुरक्षा श्रमिक सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ- अनुभूति कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया।

इसमें गीत-गायन, डांस, खेलकूद, अंताक्षरी, जनरल नॉलेज व अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं को अनुभूति कार्यक्रम में काफी मज़ा आया व उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# 18 जनवरी को होगा कृपाराम की सफल हनुमान का आयोजन

**मंदसौर।** राम मंदिर निर्माण के अवसर पर मंदसौर में हनुमान भक्त पंडित श्री विजयशंकर जी मेहता के मुखारविंद से रामायण जी के सुंदरकांड पर आधारित कृपाराम की सफल हनुमान का व्याख्यान होने जा रहा है। यह आयोजन 18 जनवरी को पोस्ट ऑफीस के सामने, नई आबादी अफीम गोदाम रोड़ पर सायं 7.30 बजे रखा गया है। कार्यक्रम को गतिमान सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पांच शताब्दियों के लंबे इंतजार के पश्चात राम जन्मभूमि तीर्थ स्थल अयोध्या में



विशाल मंदिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने के महाउपलक्ष में किया जा रहा है। उक्त धार्मिक आयोजन को प्रसिद्ध हनुमान भक्त विचारक चिंतक और जीवन प्रबंधन के लिए विख्यात श्री पंडित विजयशंकर जी मेहता संबोधित करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों एवं सदसयों द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से सविनय अनुरोध किया कि इस प्रसिद्ध धार्मिक आयोजन कृपाराम की सफल हनुमान के उद्बोधन का लाभ ले और प्रभु श्रीराम और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर अपने मानव जीवन को सफल बनावे। साथ ही सामाजिक संस्थान द्वारा शहर के गणमान्य और प्रबुद्ध नागरिकों से यह अनुरोध किया गया है कि अपने इष्ट मित्र और परिवार सहित उक्त धार्मिक आयोजन का लाभ ले और आयोजन में संभव हो सके तो भारतीय पारंपरिक वेशभूषा धोती और कुर्ता पहनकर व्याख्यान का लाभ ले।

# नपा की गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा प्रारंभ, ट्रायबेकर के सहारे राज क्लब का अगले दौर में प्रवेश



**नीमच।** नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन में जिला फुटबाल संघ के सहयोग से 12 से 26 जनवरी तक आयोजित गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा में 16 जनवरी को राजेन्द्र प्रसाद स्टेडियम में राज क्लब व यंगमेन के बीच मैच खेला गया। जो काफी रोमांचक भरा रहा, निर्धारित समय तक दोनों टीम 1-1 की बराबरी पर रही और ट्राय बेकर में राज क्लब ने विजयश्री हांसिल कर अगले दौर में प्रवेश किया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए डीएफए के सत्तार भाई व अब्दुल हमीद ने बताया कि 16 जनवरी को खेले गये मैच में अतिथि के रूप में अग्रवाल समाज, नीमच के अध्यक्ष सुरेशचन्द्र सिंहल, सचिव पुरूषोत्तम गर्ग, पोरवाल समाज अध्यक्ष कैलाश मुजावदिया, सैनी समाज अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्सावर्धन किया व अपने उद्बोधन में कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ अनुशासन प्रिय ढंग से खेल का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा को निखारे व फुटबाल के क्षेत्र में नीमच का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का संचालन डीएफए सचिव प्रमोद शर्मा व राजेश पप्पू मंगल ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ फुटबाल खिलाड़ी प्रहलाद अहीर, विनोद शर्मा, बिन्दू दुर्रानी, अनील सुराह, रमेश बोरीवाल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी नागरिक उपस्थित थे।

# आज अहीर युनिर्वसल व सिटी स्पोर्ट्स तथा एनएफसी व नीमच ब्रदर्स के बीच मुकाबला

**नीमच।** नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन में जिला फुटबाल संघ के सहयोग से राजेन्द्र प्रसाद स्टेडिय, नीमच पर 12 जनवरी से प्रारंभ हुई गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा के अंतर्गत 17 जनवरी को दो मैच खेले जावेंगे, जिसमे प्रथम मैच दोपहर 1 बजे अहीर युनिर्वसल व सिटी स्पोर्ट्स तथा दूसरा मैच दोपहर 3 बजे एनएफसी व नीमच ब्रदर्स के बीच खेला जावेंगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यालय अधीक्षक जमनालाल पाटीदार व टूर्नामेन्ट प्रभारी अनिल सुराह ने बताया कि 17 जनवरी को होने वाले प्रथम मैच में अतिथि के रूप में सेन्ट्रल सिंधी समाज अध्यक्ष जयराम पुर्सवानी, रमेश बालानी, भागेश्वर मंदिर समिति अध्यक्ष गुरूमुखदास दादवानी, आनंदराम तलरेजा, शिवकुमार आहूजा, सकल ब्राह्मण समाज अध्यक्ष शैलेष जोशी, गौड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष गजेन्द्र शर्मा, ब्राह्मण समाज बघाना के अध्यक्ष योगेश शर्मा तथा ब्राह्मण समाज नीमच सिटी के वरिष्ठ एडवोकेट सुरेशचन्द्र शर्मा, स्वर्णकार समाज अध्यक्ष जितेन्द्र सोनी, खण्डेलवाल समाज अध्यक्ष वरूण खण्डेलवाल, जांगिड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुरेश शर्मा, जायसवाल समाज अध्यक्ष राजेश जायसवाल, मसूदी समाज अध्यक्ष रज्जाक मसूदी, वरिष्ठ फुटबाल खिलाड़ी मांगीलाल कुमावत, उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार दोपहर 3 बजे होने वाले दूसरे मैच में अतिथि के रूप में पूर्व सैनिक परिषद् के अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह परिहार, चतरसिंह गेहलोत, सुनील किलोरिया, केप्टन आर.सी. बोरीवाल, कमलेश नलवाया, धनसिंहजी, विरेन्द्रसिंह चौहान, दिनेश शर्मा, निर्भयसिंहजी उपस्थित रहेंगे।




# मुंह बोला भाई ही निकला मासूम का हत्यारा,
## मृतक की बहन से शादी कर जायदाद पाना चाहता था आरोपी

**चित्तौड़गढ़।** एक युवक ने प्रेम प्रसंग के चक्कर में एक 14 साल के लड़के की हत्या कर दी। आरोपी ने ये कदम मृतक की बहन से शादी करने के लिए उठाया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने कबूल किया है कि वो लड़के को रास्ते से हटाकर उसकी बहन से शादी करना चाहता था। मामला चित्तौड़गढ़ के बड़ी सादड़ी का है।

बड़ी सादड़ी थानाधिकारी रायसल सिंह ने जानकारी दी कि 07 जनवरी को अचलपुरा भेरूखेड़ा गांव के रहने वाले 50 साल के डाडमचंद ने अपने 14 साल के बेटे घनश्याम के अपहरण और हत्या का मामला दर्ज करवाया था। डाडमचंद ने बताया कि 06 जनवरी को उसका बेटा अचलपुरा गांव के स्कूल मैदान में ही पतंग उड़ाने गया था। शाम तक वो वापस नहीं लौटा। उन्होंने जब तलाश किया बच्चों ने बताया कि दो लोग उसे बाइक पर बैठाकर ले गए। डाडमचंद ने तलाश जारी रखी। शाम को वो सोमपुर के रास्ते पहुंचे तो पाया कि सरसों के खेत के बाहर पाली पर घायल अवस्था में उसका बेटा घनश्याम पड़ा था, जिसको वो बड़ीसादड़ी सीएचसी ले गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।


थानाधिकारी रायसल सिंह ने बताया कि डाडमचंद की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी। उन्होंने टीम गठित कर पूरे मामले में बारीकी से जांच की। एफएसएल टीम चित्तौड़गढ़ की भी मदद ली गई। परिवार की कॉल डिटेल्स भी खंगाली गई।

हर पहलू का गहनता से विश्लेषण किया गया। इस पूरे मामले में 28 साल के विष्णू दास नाम की शख्स की भूमिका संदिग्ध पाई गई। विष्णु पिछले एक साल से उनके परिवार के साथ नजदीकी रिश्ते में था।

पुलिस ने विष्णु को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने कबूल कर लिया कि उसने ही घनश्याम का कत्ल किया है। इस पूरी वारदात में 25 साल के कैलाश मेघवाल नाम के शख्स ने विष्णु की मदद करना पाया गया। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी घनश्याम की बहन से शादी करना चाहता था। वहीं घनश्याम को रास्ते से हटाकर उसके पिता की जायदाद भी हथियाना चाहता था।

इस कार्रवाई के दौरान थाना अधिकारी रायसल सिंह शेखावत, सहायक उप निरीक्षक झामेश्वर सिंह, हेड कांस्टेबल साइबर राजकुमार, कांस्टेबल रोहिताश, बहादुर सिंह, सुरेंद्र सिंह, रुपाराम, जेठाराम, रामूलाल, अंबाराम, महिला कांस्टेबल सुमित्रा भी शामिल रहे।




# ग्राम पंचायत बोरदीया एवं कांकरिया तलाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर संपन्न




**जावद।** जावद विधानसभा के विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने आज ग्राम पंचायत बोरदीया एवं कांकरिया तलाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में शामिल होकर उपस्थित जनों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही हितग्राहियों को हितलाभ एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने देश को विकसित भारत बनाने की शपथ ली।

# रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर चमत्कारी बालाजी मंदिर पर जलसे के साथ होगा ध्वजारोहण

**नीमच।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर इंदिरा नगर स्थित चमत्कारी बालाजी मंदिर से दिनांक 22 जनवरी को दोपहर 3 बजे ऐतिहासिक ध्वजा यात्रा पूरे इंदिरा नगर व गली मोहल्ले में विचरण करती हुई मूल गणेश मंदिर होते हुए चमत्कारी बालाजी मंदिर पर संपन्न होगी।

इस अवसर पर चमत्कारी बालाजी मंदिर समिति के अध्यक्ष महेश लक्षकार,ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर चमत्कारी बालाजी पर रखे गए आयोजनों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 22 जनवरी के दिन यहां विशाल छप्पन भोग का आयोजन रहेगा व दोपहर 2 बजे महिला मंडल द्वारा भगवान श्री राम के भजन कीर्तन किए जाएंगे। उसके पश्चात दोपहर 4 से 6 बजे तक समिति द्वारा सुंदरकांड के कार्यक्रम का आयोजन रहेगा एवं शाम को 7 बजे आरती के पश्चात एक भव्य आतिशबाजी की जाकर बड़े धूमधाम से प्रभु श्री राम का जन्म स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इसमें मुख्य रूप से पूरे इंदिरा नगर निवासी व पूरा शहर अतिथि रहेगा इसी क्रम में वार्ड नंबर 8 इंदिरा नगर भगवानपुर वार्ड नंबर 8 के पार्षद दुर्गा शंकर व राष्ट्रीय कल्याण कमलमय समर्थक समिति के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जायसवार की देखरेख में रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव तक नगर पालिका वार्ड नंबर 8 के द्वारा इंदिरा नगर स्थित सभी मंदिरो पर नगर पालिका कर्मचारी यो के द्वारा सुचारू रूप साफ-सफाई का कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा।

उपस्थितगण उपाध्यक्ष प्रभुलाल शर्मा, सचिव देवेंद्रसिंह चौहान, सहसचिव अनिल राणा, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, प्रचार मंत्री कैलाश निनामा, पंकज मालवीय, संगठन मंत्री अनिल परमार, सलाहकार दिलीप सिसोदिया, अजय शुक्ला, वार्ड पार्षद दुर्गा शंकर, कल्याण कमल में समर्थक समिति के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जायसवार,पूजा बाई, पिंकी बाई आदि उपस्थित रहे।

# अयोध्या से आए पुज्य अक्षत कलश के अक्षत घर-घर बांटे





**नीमच। मकर संक्रांति के दिन नीमच के बंगला नं 23 व 8 में अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश से हर घर अक्षत वितरण कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे रहवासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सोमवार को दोपहर 2 बजे भूतेश्वर महादेव मंदिर पहुंच वहां से बैंडबाजों के साथ अयोध्या से आये श्री रामजी के पूजित अक्षत कलश व निमंत्रण ला कर बैंड बाजों और ढोल ढमाकों के साथ उन्हें घर घर वितरण किया गया। मोहल्ले की मातृशक्ति व बच्चों ने श्री राम जी के मधुर भजनों पर झूमते गाते बंगला नं 23 व 8 के प्रत्येक घर मे निमंत्रण पत्र व अक्षत का वितरत कर सभी से 22 जनवरी को बड़े धूमधाम से मनाने के लिए आगृह किया।**

# पत्रकार व मीसाबंदी गोपाल खण्डेलवाल स्मृति प्राथमिक चिकित्सा एवं दंत स्वास्थ्य जागरूकता शिविर बुधवार को

## कम साधनों में कैसे करें प्राथमिक उपचार व स्वस्थ्य रहने के लिए दांतों की देखभाल

नीमच्र। वरिष्ठ पत्रकार, मीसाबंदी एवं संपादक स्वर्गीय गोपाल खण्डेलवाल के 82 वे जन्म दिवस पर उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाने हेतु प्राथमिक उपचार एवं दंत स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन 17 जनवरी बुधवार को श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या महाविद्यालय में लगाया जा रहा है।

आयोजन समिति प्रमुख वरुण-विवेक खण्डेलवाल (सोनू) ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पिताजी स्व. गोपाल जी खण्डेलवाल की जन्म जयंती पर आज दिनांक 17 जनवरी 2024, बुधवार को सुबह 11.45 बजे से श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं व स्टॉफ को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ



अशोक जैन (एमडी) द्वारा किसी रोग के होने या चोट लगने पर किसी अप्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा किया जाने वाला सीमित उपचार प्राथमिक चिकित्सा (First Aid) के बारे में जानकारी प्रदर्शन सहित दी जावेगी।

साथ ही अंचल के प्रसिद्ध दन्त चिकित्सक डॉ अनूप मंगल द्वारा मुख, दांतों व मसूढ़ों से जुड़ी बीमारियों से बचाव, उपचार, सुरक्षा व देखभाल की विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी जाएगी।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि विधायक दिलीपसिंह परिहार, डीएसपी महिला सुरक्षा वैशाली सिंह विशेष रूप से मौजूद रहकर महिला सुरक्षा के उपाय बतायेंगी।

इस अवसर पर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विजय बाफना व श्रीमती वीणा खण्डेलवाल मौजूद रहेंगी। उक्त जानकारी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन के डबकरा ने दी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)- 9407423966, राधवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)- 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।